**संख्या- 150 /2026/ 1186 /चार-2026-2040932**

प्रेषक,

मनोज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

**संस्कृति अनुभाग:** **लखनऊ: दिनांक: 21 अप्रैल, 2026**

विषय:- राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की पावन पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी कालजयी कृति 'रश्मिरथी' की हीरक जयंती में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में दिनांक 24 से 26 अप्रैल, 2026 तक आयोजित हो रहे तीन दिवसीय 'रश्मिरथी पर्व' में कार्यक्रम कराये जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 73/सं0नि0-15(134)/2025-26, दिनांक 15 अप्रैल, 2026, पत्र संख्या- 121/सं0नि0-15(134)/2025-26, दिनांक 17 अप्रैल, 2026 तथा पत्र संख्या- 147/सं0नि0-15(134)/ 2025-26, दिनांक 21 अप्रैल, 2026 तथा अध्यक्ष, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' स्मृति न्यास, नई दिल्ली के पत्र संख्या- 2715/2026 दिनांक 10 अप्रैल, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की पावन पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी कालजयी कृति 'रश्मिरथी' की हीरक जयंती में दिनांक 24 से 26 अप्रैल, 2026 तक आयोजित 'रश्मिरथी पर्व' में कार्यक्रम कराये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2. उपर्युक्त के क्रम में सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की पावन पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी कालजयी कृति 'रश्मिरथी' की हीरक जयंती में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में दिनांक 24 से 26 अप्रैल, 2026 तक आयोजित हो रहे तीन दिवसीय 'रश्मिरथी पर्व' में निम्नलिखित विवरणानुसार कार्यक्रम कराये जाने हेतु **रू0 190.25 लाख (रूपये एक करोड़ नब्बे लाख पच्चीस हजार मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रस्तर-3 में अंकित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

| क्र0 | विवरण | स्वीकृत धनराशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-1<br>रश्मिरथी नाट्य मंचन 20 कलाकारों द्वारा | 10.00 लाख | उक्त समस्त व्ययों का भुगतान संस्कृति निदेशालय द्वारा भारतेन्दु नाट्य अकादमी के माध्यम से संबंधित संस्था- राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति न्यास को किया जाना है। |
| 2 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-2<br>स्वामी विवेकानन्द नाट्य मंचन 20 कलाकारों द्वारा | 10.00 लाख | |
| 3 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-3<br>लोकमान्य तिलक नाट्य मंचन 20 कलाकारों द्वारा | 10.00 लाख | |
| 4 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-4<br>कवि अटल बिहारी वाजपेयी जी की 10 कवितओं पर आधारित नृत्य नाटिका 22 कलाकारों द्वारा | 10.00 लाख | |
| 5 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-6<br>22 कलाकार शिमला से लखनऊ तक आने-जाने का यात्रा व्यय (ट्रेवेलर) | 2.50 लाख | |
| 6 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-7<br>मेकअप मेन | 0.90 लाख | |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-8<br>कॉस्ट्यूम | 0.90 लाख | |
| 8 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-9<br>नाट्य मंचन सेट | 3.00 लाख | |
| 9 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-12<br>रश्मिरथी पर्व में राष्ट्रकवि दिनकर, लोकमान्य तिलक, स्वामी विवेकानन्द एवं कवि अटल बिहारी वाजपेयी जी एवं अन्य साहित्यिक कृतियों के जीवन एवं संवाद पर आधारित कला प्रदर्शनी | 10.00 लाख | |
| 10 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-13<br>स्वामी विवेकानन्द नाट्य के दिन 250 'युवा विवेकानन्द संसद' के सदस्यों हेतु स्वामी विवेकानन्द की वेशभूषा | 2.50 लाख | |
| 11 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-14<br>लोकमान्य तिलक नाट्य मंचन के दिन 1500 उपस्थित तिलक प्रेमियों के लिए 'तिलक पुणेरी पगड़ी' | 1.25 लाख | |
| | **योग अ** | **61.05 लाख** | |

| **संस्कृति निदेशालय द्वारा किये जाने वाले व्ययों का विवरण** | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-4<br>30 कलाकार- मुम्बई से लखनऊ हवाई यात्रा व्यय (आने-जाने का) अपट्रवर्स के माध्यम से। | 6.00 लाख | - |
| 2 | दिनकर संस्था के पत्र के क्रमांक-11 राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाओं एवं महापुरूषों के नाम पर लखनऊ में 25 अत्यंत सुंदर द्वार (चित्र एवं कविता के साथ) | 3.75 लाख | सूचना विभाग के अनुमोदित दरों पर। |
| 3 | संस्कृति निदेशालय के पत्र के क्रमांक-2<br>इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान जुपिटर हाल सभागार के किराये पर व्यय | 10.20 लाख | एल0डी0ए0 के अनुमोदित दर पर। |
| 4 | संस्कृति निदेशालय के पत्र के क्रमांक-3<br>लोकमान्य तिलक, स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रकवि दिनकर, कवि अटल बिहारी वाजपेयी एवं अन्य साहित्य के लिए व्यवस्थित स्टॉल (25 स्टॉल) पर व्यय | 6.50 लाख | सचिवालय प्रशासन की दरों पर। |
| 5 | संस्कृति निदेशालय के पत्र के क्रमांक-4<br>नाट्य मंचन हेतु लाईट, साउण्ड, फुट माईक, बाउण्ड्री माईक आदि पर व्यय | 23.00 लाख | सचिवालय प्रशासन की दरों पर। |
| 6 | संस्कृति निदेशालय के पत्र के क्रमांक-5<br>नाट्य मंचन/नृत्य नाटिका के 42 कलाकार 8 तकनीकी कलाकार (50 कलाकार) का सुव्यवस्थित आवास, चाय, खान-पान की व्यवस्था पर व्यय (तीन दिवस) | 14.50 लाख | जेम या टेण्डर के अनुमोदित दर पर। |
| 7 | संस्कृति निदेशालय के पत्र के क्रमांक-6<br>स्थानीय यातायात पर व्यय (तीन दिवस) | 7.50 लाख | यू0पी0 अपटूर्स द्वारा। |
| 8 | संस्कृति निदेशालय के पत्र के क्रमांक-7<br>कलाकारों के सम्मान हेतु प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति | 12.50 लाख | ओ0डी0ओ0पी0 के माध्यम से |

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | पत्र की व्यवस्था पर व्यय (ओ0डी0ओ0पी0 के माध्यम से 50 कलाकारों हेतु) | | |
| 9 | संस्कृति निदेशालय के पत्र के क्रमांक-8 रश्मिरथी पर्व (तीनों दिन) कार्यक्रम शुरू होने के समय सभी अतिथियों एवं 1500 दर्शकों के लिए हाई-टी की व्यवस्था पर व्यय | 17.50 लाख | सचिवालय प्रशासन विभाग, उ0प्र0 शासन की दरों पर। |
| 10 | संस्कृति निदेशालय के पत्र के क्रमांक-9 'रश्मिरथी पर्व' के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ परिसर को कार्यक्रम के समय तक प्रस्तावित नाम (लोकमान्य तिलक पुरम) को अत्यंत सुंदर तरीके से सजाना एवं फ्लैक्स बैनर, स्टेण्डी के द्वारा प्रचार-प्रसार पर व्यय | 16.50 लाख | सचिवालय प्रशासन विभाग, उ0प्र0 शासन की दरों पर। |
| 11 | संस्कृति निदेशालय के पत्र के क्रमांक-10 भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी, बाल गंगाधर तिलक, स्वामी विवेकानंद एवं राम धारी सिंह दिनकर जी की कृतियों पर आधारित प्रदर्शनी पर व्यय (वुडन वॉल एवं एक्जीबीशन) | 11.25 लाख | सूचना विभाग की दरों पर। |
| 12 | लखनऊ शहर में होर्डिंग लगाकर प्रचार-प्रसार (सूचना विभाग द्वारा) | 0.00 | |
| 13 | समाचार पत्र, होर्डिंग एवं अन्य माध्यम से रश्मिरथी पर्व का प्रचार-प्रसार पर व्यय (सूचना विभाग द्वारा) | 0.00 | |
| | **योग ब** | **129.20 लाख** | |
| | **महायोग अ+ब** | **190.25 लाख** | |

3 - शर्तें / प्रतिबन्ध:-

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2025, दिनाँक- 28-मार्च, 2026 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(3) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

(4) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(5) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(6) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(7) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) उक्त स्वीकृत धनराशि में से **रू0 61.05 लाख** का भुगतान संस्कृति निदेशालय/भारतेन्दु नाट्य अकादमी के माध्यम से राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर न्यास, नई दिल्ली के पक्ष में की जायेगी।

(9) संस्कृति विभाग द्वारा निर्धारित एस0ओ0पी0 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(10) सूचना विभाग के कार्यों के सापेक्ष व्यय भार सूचना विभाग द्वारा ही वहन किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

4.	उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुदान संख्या-92 के आय-व्ययक के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय -13- आजादी का अमृत काल महोत्सव-42-अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

5.	यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2025, दिनाँक- 28-मार्च, 2026 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
6. निदेशक, भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ।
7. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।